=+1>*t38

Title :Need to upgrade the existing road connecting National Highway Nos. 30 and 2 in Bhojpur district, Bihar as a National Highway. - Laid.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : महोदय, बिहार राज्य के भोजपुर जिला के कोइलवा राट्रीय उच्च् पथ 30 से सोन नदी के किनारे चांदी, अखिगांव, संदेश बरूही, सहार और रोहतास जिला के दनवार, कछवा, नासिरीगंज, अभिआवर, दरिहत, डिहरी, इन्द्रपुरी, तिलौथू बनजारी होते हुए रोहतास किला को जाने वाली मुख्य सड़क है और यह सड़क राट्रीय उच्च पथ 30 से राट्रीय उच्च पथ-2 को जोड़ने वाली अन्य सड़क है। यह सड़क उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र होकर रोहतास किला तक जाती है। इस सड़क पर छोटे-बड़े नासिरीगंज, डालमियानगर तिलौथू और बनजारी जैसे औद्योगिक एवं मुख्य व्यवसायिक शहर भी है। अनेक शिक्षण संस्थान हैं। यह सड़क सोन पार कर झारखंड राज्य को भी जोड़ती है। इसकी लम्बाई करीब 130 कि.मी. है। उग्रवाद प्रभावित इलाका होने से असामाजिक तत्व अपराध कर सोन नदी पार आसानी से आ जाते हैं। आवागमन की असुविधा होने से पुलिस को अपराधियों को पकड़ने में काफी कठिनाई होती है। किसान और व्यवसायियों को सामान ले जाने में काफी दिक्कत होती है।

अतः भारत सरकार से मांग करता हूं कि जनहित में मार्ग को राट्रीय उच्च पथ घोाित करने का कट किया जाये ताकि जनता की कठिनाइयां दूर हो सके और इस क्षेत्र को उग्रवाद प्रभावित होने से बचाया जा सके।